मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण

(म.प्र.शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधीन)

खण्ड–2, पंचम तल, पर्यावास भवन, अरेरा हिल्स भोपाल

क्र. 7857/22/वि–12/ग्रासप्रा/GMT-5/2013 भोपाल, दिनांक 08/05/2013

प्रति,

महाप्रबंधक (समस्त)
म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण,
परियोजना क्रियान्वयन इकाई
..............................(म.प्र.)

विषय :– मार्गों के 5 वर्ष अंतर्गत संधारण के लिए OMMS में प्रविष्टियों के संबंध में

–0–

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनातर्गत निर्मित मार्गो का पांच वर्षीय संधारण के लिए OMMS के अंतर्गत प्रविष्टियों का प्रावधान है। यह देखा जा रहा है कि इकाईयों द्वारा संधारण के संबंध में OMMS प्रविष्टियां नहीं की जा रही हैं अथवा कुछ इकाईयों द्वारा सही प्रविष्टियां नहीं की गई हैं। इस संबंध में निम्नानुसार निर्देश जारी किये जा रहे हैं–

1. OMMS में संधारण कार्यों के लिए निम्न चार module के अंतर्गत प्रविष्टि की जाना है–
   a) PCI index – operation manual के प्रावधानों के अनुसार PCI index की प्रविष्टि की जानी है जिसके संबंध में पूर्व में निर्देश जारी किये जा चुके है।
   b) Contract- इस माड्यूल के अंतर्गत मार्गों के निर्माण/संधारण के लिए अनुबंध एवं वर्षवार संधारण हेतु आवश्यक धनराशि का विवरण अंकित किया जाना है।
   c) Inspection – मार्गों के संधारण का समय–समय पर किये गये निरीक्षण एवं सुधार कार्य का विवरण अंकित किया जाना है।
   d) Financial Progress – संधारण कार्यों (within 5 year) के लिए किये जाने वाले भुगतान का विवरण अंकित किया जाना है।
2. उपरोक्त बिन्दुओं में PCI index के संबंध में कुछ इकाईयों द्वारा प्रविष्टि की गई है। जिन इकाईयों द्वारा निर्देशानुसार PCI index, update नहीं किया गया है वे इसे पूर्ण करेंगे। Contract module के अंतर्गत सभी पूर्ण मार्गों का विवरण सुनिश्चित करते हुए Inspection तथा financial progress में नियमित रूप से प्रविष्टि करें ।
3. अनुबंध प्रावधानों के अनुसार within 5 year maintenance का भुगतान प्रत्येक 6 माह में किया जाता है। भुगतान करने के साथ राशि की financial progress module में प्रविष्टि भी की जानी है। प्रत्येक पूर्ण मार्ग के within 5 year संधारण हेतु वर्षवार आवश्यक राशि का विवरण OMMS में project mode में की गई प्रविष्टि के आधार पर स्वतः प्रदर्शित होता है। प्रत्येक

मार्ग के लिए किये गये भुगतान के विवरण (भुगतान की राशि एवं माह तथा वर्ष जिसमें भुगतान किया गया है) की प्रविष्टि की जानी है। अतः सभी इकाईयां अपने कार्यक्षेत्र के पूर्ण मार्गों में अब तक किये गये भुगतान (केवल within 5 year maintenance) का विवरण OMMS में 25.05.2013 के पूर्व अंकित करना सुनिश्चित करें।

सुविधा हेतु संधारण module के सभी बिन्दुओं पर नमूने का प्रिंट संलग्न कर प्रेषित है। कृपया समय सीमा का विशेष ध्यान रखें।

संलग्न – उपरोक्तानुसार ।

(अलका उपाध्याय)
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
म.प्र.ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, भोपाल

पृ. क्र. 7858 / 22 / वि–12 / ग्रासप्रा / GMT-5 / 2013 भोपाल, दिनांक 08 / 05 / 2013

प्रतिलिपि–

- मुख्य महाप्रबंधक–1, 2, 3, 4, 5, 6 एवं वित्त, म.प्र.ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, ... (म.प्र.) की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित – सभी मुख्य महाप्रबंधक अपने कार्यक्षेत्र में संधारण कार्यों की समीक्षा कर OMMS में प्रविष्टि सुनिश्चित करेंगे।

(अलका उपाध्याय)
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
म.प्र.ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, भोपाल